# 22 राजस्थान के प्रमुख ऐतिहासिक व्यक्तित्त्व एवं स्वतंत्रता सेनानी

1. माणिक्यलाल वर्मा जी का जीवन चरित्र 'जो देश के लिए जिये' किसने लिखा?
(1) शंकर सहाय सक्सेना (2) रघुवर दयाल गोयल
(3) स्वामी गोपाल दास (4) ईश्वरदान आसिया (1)

2. भारतीय डाक और तार विभाग ने विख्यात नृतक उदयशंकर के सम्मान में किस वर्ष एक स्मारक डाक टिकट जारी किया?
(1) 1976 (2) 1978 (3) 1984 (4) 1986 (2)

**व्याख्या–** नृतक उदयशंकर के सम्मान में 26 सितम्बर, 1978 को 25 पैसे की डाक टिकट जारी की।

3. वह क्रांतिकारी जिन्होंने जयनारायण व्यास के साप्ताहिक पत्र 'लोकराज' का सम्पादन किया–
(1) मास्टर आदित्येन्द्र (2) बालमुकुन्द बिस्सा
(3) नेतराम सिंह गौरीर (4) छगनराज चौपासनीवाला (4)

4. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी भवानी सहाय शर्मा का सम्बन्ध किस जिले से है?
(1) डूँगरपुर (2) अलवर
(3) अजमेर (4) भीलवाड़ा (2)

**व्याख्या–** यह राजगढ़ (अलवर) के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी। ये 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी' के सदस्य तथा चन्द्रशेखर आजाद के विश्वासपात्र थे।

5. सूची I का सूची II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प चुनिए–

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (A) पं. झाबरमल शर्मा | (i) दैनिक नवयुग |
| (B) सिद्धराज ढड्डा | (ii) प्रजा सेवक |
| (C) अचलेश्वर प्रसाद शर्मा | (iii) खेतड़ी का इतिहास |
| (D) हरिदेव जोशी | (iv) सत्याग्रह मिमांसा |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | iv | i | ii | iii |
| (4) | i | iv | ii | iii |

(1)

6. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?
(1) स्वामी गोपालदास – बीकानेर जेल
(2) आनंदराज सुराणा – लाहौर जेल
(3) प्रताप सिंह बारहठ – टॉडगढ़ जेल
(4) मोतीलाल तेजावत – उदयपुर जेल (3)

**व्याख्या–** प्रताप सिंह बारहठ को बनारस षड्यंत्र केस के तहत् 5 साल की सजा दी गई और बरेली जेल में रखा गया।

7. किस व्यक्ति ने केसरी सिंह बारहठ द्वारा लिखे सोरठे महाराणा फतेह सिंह को सौंपे थे–
(1) राव गोपाल सिंह (2) विजय सिंह पथिक
(3) कृष्ण सिंह बारहठ (4) अमरदास वैरागी (1)

**व्याख्या–** वर्ष 1903 में जब महाराणा फतेह सिंह लॉर्ड कर्जन द्वारा आयोजित एडवर्ड सप्तम के सम्मान समारोह में भाग लेने दिल्ली दरबार जा रहे थे, तो केसरी सिंह बारहठ ने इस कृत्य की निंदा स्वरूप महाराणा को डिंगल भाषा में 13 सोरठे (चेतावनी रा चुंगट्या) भेजे, महाराणा को ये सोरठे राव गोपाल सिंह ने सरेरी रेलवे स्टेशन पर सौंपे थे।

8. विजयसिंह पथिक (जो मूलतः बुलन्द शहर (उत्तरप्रदेश) के निवासी थे) का वास्तविक नाम क्या था?
(1) अनूपसिंह (2) जयसिंह
(3) भूपसिंह (4) भोमसिंह (3)

9. विजय सिंह पथिक ने वर्धा से राजस्थान केसरी समाचार–पत्र निकाला, दूसरा समाचार–पत्र अजमेर से कौनसा निकाला गया था?
(1) नवीन राजस्थान (2) मारवाड़ गजट
(3) प्रताप (4) राजस्थान समाचार (1)

**व्याख्या–** नवीन राजस्थान सामाचार पत्र जिसका बाद में नाम परिवर्तित कर 'तरूण राजस्थान' रखा गया।

10. ''दधिची जैसा त्याग और दृढ़ता लेकर ही जन्मे थे और उसी दृढ़ता से उन्होंने मृत्यु को गले लगाया'' – पं. सुन्दरलाल ने किसकी मृत्यु पर ये कथन कहे –
(1) केसरीसिंह बारहठ (2) विजयसिंह पथिक
(3) अर्जुनलाल सेठी (4) जोरावर सिंह बारहठ (3)

11. जोधपुर के किस वीर क्रांतिकारी की केन्द्रीय कारागृह में भूख हड़ताल के कारण मौत हो गई थी?
(1) बरकततुल्लाह खाँ (2) बालमुकुन्द बिस्सा
(3) अरविन्द राठौड़ (4) मोतीकिशन जोशी (2)

**व्याख्या–** जोधपुर जेल में अव्यवस्था व अन्याय के विरुद्ध बालमुकुन्द बिस्सा ने भूख हड़ताल की। जिससे इनकी तबीयत खराब हो गई। 19 जून, 1942 को जोधपुर में इनका निधन हो गया।

12. राजस्थान के स्वतंत्रता संग्राम का भामाशाह किसे कहा जाता है–
(1) केसरीसिंह बारहठ (2) माणिक्य लाल वर्मा
(3) दामोदर दास राठी (4) हरिभाऊ उपाध्याय (3)

**व्याख्या–** दामोदरदास राठी एक उद्योगपति थे। ये क्रांतिकारियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते थे। इसलिए इन्हें स्वतंत्रता संग्राम का भामाशाह कहा जाता है।

13. 'रघुनाथ सिंह का मुकदमा' पुस्तक किसने लिखी?
(1) केसरी सिंह बारहठ (2) सागरमल गोपा
(3) राव गोपालसिंह खरवा (4) विजयसिंह पथिक (2)

14. जोधपुर महाराजा के पाकिस्तान में मिलने के षड़यंत्र का पर्दापाश किसने किया था?
(1) केसरी सिंह बारहठ (2) सुमनेश जोशी
(3) साधु प्यारेराम (4) चन्दनमल बहड़ (2)

**व्याख्या–** 1946 सुमेनश जोशी ने जोधपुर से रियासती पत्र का प्रकाशन व सम्पादन प्रारंभ किया, इन्होंने जोधपुर महाराजा हनुवंत सिंह के पाकिस्तान में मिलने के षड्यंत्र का पर्दाफाश किया।

15. राजस्थान के किस क्रांतिकारी की इच्छा थी कि उसे मृत्यु के बाद जलाया न जाए बल्कि दफनाया जाए?
(1) सेठ दामोदरदास राठी (2) अर्जुनलाल सेठी
(3) जयनारायण व्यास (4) विजयसिंह पथिक (2)

**व्याख्या–** अर्जुनलाल सेठी अपनी मृत्यु से पूर्व स्वयं को जलाने की जगह कब्र में दफनाने की इच्छा व्यक्त की। 23 दिसम्बर, 1941 को अजमेर स्थित ख्वाजा साहब की दरगाह में अर्जुनलाल सेठी की मृत्यु हो गई। जहाँ पर लोगों ने इन्हें मुसलमान समझकर दफना दिया था।

16. निम्न में से वह व्यक्ति जिन्होंने 16वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की?
(1) अशोक गहलोत (2) वेंकैया नायडू
(3) जगदीप धनकड़ (4) भैरोंसिंह शेखावत (3)

**व्याख्या–** जगदीप धनकड़ का जन्म 18 मई, 1951 को किठाना गाँव (झुंझुनूं) में हुआ था। इन्होंने भारत के 16वें उपराष्ट्रपति के रूप में 11 अगस्त, 2022 को शपथ ग्रहण की।

17. अमरदास वैरागी के नाम से साधू के वेश में अपना अंतिम समय बिताने वाले क्रांतिकारी थे?
(1) प्रताप सिंह बारहठ (2) जोरावर सिंह बारहठ
(3) मोतीलाल तेजावत (4) विजयसिंह पथिक (2)

**व्याख्या–** जोरावर सिंह बारहठ ने लगभग 27 वर्ष तक मध्यप्रदेश के करंडिया एकलगढ़ में अमरदास वैरागी के छद्म नाम से भूमिगत रहे।

18. राजस्थान में 'महावीर चक्र' से सम्मानित होने वाले प्रथम व्यक्ति थे?
(1) मेजर दलपत सिंह (2) मेजर शैतान सिंह
(3) मेजर पीरू सिंह (4) किशन सिंह राठौड़ (4)

**व्याख्या–** किशन सिंह राठौड़ को भारत पाकिस्तान युद्ध 1947 में प्रदर्शित बहादुरी के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

19. स्वतंत्रता सेनानी हरिभाऊ उपाध्याय ने निम्न में से किनको 'राजस्थान का सी.आर. दास' कहा–
(1) माणिक्यलाल वर्मा (2) बालमुकुन्द बिस्सा
(3) जमनालाल बजाज (4) मुकुट बिहारीलाल भार्गव (4)

20. निम्नलिखित में से कौन–से नेता 'बाबोसा' के उपनाम से जाने जाते है?
(1) जमनालाल बजाज (2) बालमुकुन्द बिस्सा
(3) भैरोंसिंह शेखावत (4) दामोदर लाल व्यास (3)

21. 'चिड़ावा के गाँधी' के उपनाम से प्रसिद्ध है?
(1) भोगीलाल पाण्ड्या (2) जमनालाल बजाज
(3) गोकुल भाई भट्ट (4) मास्टर प्यारे लाल गुप्ता (4)

**व्याख्या–** मास्टर प्यारे लाल गुप्ता का जन्म उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ के पिसाना गाँव में 1896 में हुआ। ये अलीगढ़ से 1921 में चिड़ावा आये थे और अध्यापन कार्य प्रारंभ किया।

22. 'मेवाड़ का गाँधी' उपनाम से किसे जाना जाता है?
(1) मोतीलाल तेजावत (2) गोकुल भाई भट्ट
(3) माणिक्यलाल वर्मा (4) घनश्याम दास बिड़ला (3)

23. प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी हरिभाऊ उपाध्याय का वास्तविक नाम क्या था?
(1) बद्रीनाथ (2) राजेन्द्र
(3) आनंद राज (4) मोहन सिंह (1)

**व्याख्या–** हरिभाऊ उपाध्याय का जन्म 9 मार्च, 1893 ई. में भौंरासा गाँव (मध्यप्रदेश) में हुआ।

24. 1929 ई. में विद्यार्थी यूथ लीग की स्थापना किसने की थी?
(1) मोहन सिंह मेहता (2) राजेन्द्र सिंह
(3) टीकाराम पालीवाल (4) आनंद राज सुराणा (3)

**व्याख्या–** टीकाराम पालीवाल का जन्म महुआ (दौसा) में 24 अप्रैल, 1909 को हुआ था। इन्होंने शिक्षक की नौकरी छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। 1929 ई. में दिल्ली में 'विद्यार्थी यूथ लीग' की स्थापना की।

25. जमनालाल बजाज द्वारा 1925 में चरखा संघ की स्थापना की गई थी, जिसे 1927 में कहाँ पर स्थानातंरित कर दिया गया था?
(1) बीकानेर (2) जयपुर (3) उदयपुर (4) जोधपुर (2)

26. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव कीजिए:

| (प्रसिद्ध सेनानी) | (जन्म स्थान) |
|---|---|
| A. मोतीलाल तेजावत | i. खरवा गाँव (अजमेर) |
| B. गोकुल भाई भट्ट | ii. हाथल गाँव (सिरोही) |
| C. माणिक्यलाल वर्मा | iii. बिजौलिया (भीलवाड़ा) |
| D. गोपाल सिंह खरवा | iv. कोल्यारी गाँव (उदयपुर) |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | iv | ii | iii | i |
| (3) | iv | i | ii | iii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

(2)

27. निम्न में से किस व्यक्ति ने भीलों में जागृति लाने हेतु 'वनवासी संघ' की स्थापना की थी?
(1) गोकुल भाई भट्ट (2) भोगीलाल पांड्या
(3) गोविन्द गिरी (4) माणिक्यलाल वर्मा (2)

28. दलबीर भण्डारी के सन्दर्भ में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?
(1) इनका जन्म 1 अक्टूबर, 1947 को जोधपुर में हुआ।
(2) ये भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश रहे हैं।
(3) 2013 में इन्हें पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया।
(4) 2012 में अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश बने तथा अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीय के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए 06 फरवरी, 2018 को पुन: चुने गए। (3)

**व्याख्या–** इन्हें 2014 पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया था।


29. किस व्यक्ति ने 'पेशावरों से मास्को' नामक एक पुस्तक लिखी थी?
(1) सूजी भगत (2) शौकत उस्मानी
(3) अब्दुल शेर गफ्फार (4) लादुराम जोशी (2)


**व्याख्या–** शौकत उस्मानी का जन्म 21 दिसम्बर,1901 को बीकानेर में हुआ। ये एक अच्छे लेखक, पत्रकार एवं विचारक थे।


30. निम्न में से किस व्यक्ति ने 1935 ई. में 'हरिजन सेवा समिति' की स्थापना की थी?
(1) गोकुल लाल असावा (2) नरोत्तम लाल जोशी
(3) भोगीलाल पाण्ड्या (4) बलवंत सिंह मेहता (3)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

## राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –




टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।